मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 11 दिसम्बर 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	12/12/15	13/12/15	14/12/15	15/12/15	16/12/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	1
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	27	27	26	27	27
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	11	10	10	10	10
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	0	0	0	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	76	74	73	73	72
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	21	22	22	23	24
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	11	12	10	6
हवा की दिशा	पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व–उत्तर–पूर्व	पूर्व

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

गेहूं में चौडी पत्ती वाले खपतवार के नियंत्रण हेतु बुवाई के 30 दिन बाद 2,4–डी की एक लीटर मात्रा का 500 लीटर पानी में घोल बनाकर प्रति हैक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

जीरे की फसल 20 दिन की होने पर निराई–गुड़ाई करें तथा पौधे से पौधे की दूरी 5 सेमी. रखें।

बेर के पौधें पर फल मक्खी कीट के नियंत्रण हेतु क्यूनालफॉस 25 ईसी. की 1 मिलीलीटर मात्रा को प्रति लीटर पानी में घोल कर छिड़काव करें।

पशुओं के नवजात शिशुओं को ठण्ड स बचाने के समुचित प्रवन्ध करें तथा दिन में कुछ घण्टे धूप में रखें।

(नौडल ऑफीसर)